जल प्रबन्धन पर उत्कृष्टता केन्द्र

डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा समस्तीपुर 848 125, बिहार

पत्रांक सं0 246/ज.प्र.उ.के., पूसा — दिनांक 10/10/2023

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जल प्रबन्धन पर उत्कृष्टता केन्द्र (सौर सिचाई प्रणाली परियोजना), डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अन्तर्गत पाँच बेकार एवं अनुपयोगी नावों की नीलामी (जहाँ है जैसा है के आधार पर) हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति /संस्था विहित प्रपत्र में निविदा दिनांक 19/10/2023 अपराह्न 4:00 बजे तक परियोजना निदेशक, जल प्रबंधन पर उत्कृष्टता केन्द्र के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विलंब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

नीलामी में भाग लेने हेतु रु 3000/–(तीन हजार) रुपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट निदेशक अनुसंधान, डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के नाम से जो पंजाब नेशनल बैंक, डा०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा शाखा में भुगतेय हो, प्रतिभूति राशि के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना होगा। असफल व्यक्तियों को नीलामी प्रक्रिया के बाद प्रतिभुति राशि वापस कर दी जायेगी।

नीलामी द्वारा विक्रय की जाने वाली विभिन्न नावों का अवलोकन दिनांक 11/10/2023 से 13/10/2023 तक कार्य दिवस में किया जा सकता है। दिनांक 20/10/2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे नीलामी समिति के सदस्य के सामने उक्त निविदाओ को खोला जाएगा। उच्चतम राशि वाले को नीलामी की स्वीकृति उपरांत तुरंत कुल राशि का 25 प्रतिशत नगद जमा करना होगा। जो जमानत राशि छोड़ कर होगा एवं एक सप्ताह के अंदर शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करके नाव उठा लेना अनिवार्य होगा। नीलामी में वही व्यक्ति शामिल होंगे जिनकी जमानत राशि समय से जमा होगी तथा जिन्हे नीलामी के सभी शर्ते ज्ञात एवं मान्य होगी। नीलामी नहीं लेने पर जमानत राशि जब्त कर लिया जायेगा। समिति के पास बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। नीलामी के उपरान्त नावों की गुणवत्ता एवं उनकी संख्या के सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। नीलाम किये जाने वाली नावों की सूची विश्वविद्यालय के बेवसाइट www.rpcau.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी के नियम एवं शर्ते :

1. सभी निविदाधारक निविदा की सूचना एवं सम्पूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय के बेवसाइड पर जाकर देख सकते हैं।
2. निविदा दिनांक 19/10/2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक जमानत राशि के साथ आधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए। बाद में प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. सभी निविदाधारक दिनांक 11/10/2023 से 13/10/2023 तक नीलामी की जाने वाले सामानों का मुआयना कर लें। बाद में किसी तरह की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
4. नीलामी के बाद सामान नहीं उठाने पर जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. नीलामी की न्यूनतम राशि से कम राशि पर नीलामी रद्द किया जा सकता है।

10/10/2023

परियोजना निदेशक
जल प्रबन्धन पर उत्कृष्टता केन्द्र

प्रतिलिपि : सभी इकाई प्रधानों को सूचनार्थ एवं व्यापक प्रसार हेतु प्रेषित।

जल प्रबन्धन पर उत्कृष्टता केन्द्र

डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा

समस्तीपुर – 848 125, बिहार

अनुपयोगी एवं बेकार सामानों की नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र

1. निविदा दाता का नाम ....
2. पिता का नाम ....
3. पत्राचार का पता ....
4. स्थायी पता ....
5. आधार संख्या (छायाप्रति के साथ) ....
6. पैन सं० (छायाप्रति के साथ) ....
7. मोबाईल नं० ....
8. निविदा की प्रस्तावित राशि (अंक एवं अक्षर में) ....
9. बैंक का नाम एवं शाखा ....
10. बैंक ड्राफ्ट संख्या ....

शर्तों के अनुपालन संबंधी घोषणा :–

निविदा की आवश्यक शर्त मैंने जान ली है मैं वचन देता हूँ /देती हूँ कि स्वीकृति होने के बाद मैं सभी शर्तों के निष्ठा से पालन करूँगा/ करूँगी।

निविदा दाता का हस्ताक्षर

तिथि :–